कुल प्रश्नों की संख्या : 14]
Total No. of Questions : 14]

[कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 8
[Total No. of Printed Pages : 8

# C-232010-A

## विषय : हिन्दी
## Subject : Hindi

समय : 3 घंटे]
Time : 3 Hours]

[पूर्णांक : 80
[Maximum Marks : 80

**निर्देश :** (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न-पत्र के प्रश्नों को तीन खण्डों – 'क', 'ख' और 'ग' में विभक्त किया गया है।

(iii) खण्ड 'क' में 2 प्रश्न हैं, जिसमें 16 अंक निर्धारित हैं।

(iv) खण्ड 'ख' में 5 प्रश्न हैं, जिसके 4 प्रश्नों में विकल्प दिये गये हैं। इस खण्ड में कुल 20 अंक निर्धारित हैं।

(v) खण्ड 'ग' के आरोह भाग में 32 अंक निर्धारित हैं।

(vi) खण्ड 'ग' के वितान भाग में 12 अंक निर्धारित हैं।

**खण्ड - क**

**प्रश्न–1.** अधोलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

सुबह के शांत वातावरण में अक्सर पार्कों से हँसी की ऊँची आवाजें सुनाई देती हैं। पहले लगता था कि, कुछ पुराने मित्र मिलकर हँसी-मजाक कर रहे हैं। पर कौतूहलवश ध्यान से देखने पर जाना कि वे सब एक साथ एक ही तरह ऐसे हँस रहे हैं, जैसे कोई क्लास चल रही हो। पूछने पर पता चला कि वे हास्य-क्लब के सदस्य हैं। यह क्या, अब हँसने के लिए क्लब का सहारा लेना पड़ता है ? दर असल आज के तनावपूर्ण जीवन में लोग हँसना भूल गए हैं। अतिशय दबावों के कारण स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ बढ़ती जा रही हैं। छोटे बच्चे हों या बुजुर्ग तनाव के कारण आत्महत्या करने लगे हैं। इस स्थिति में चिंतित डॉक्टरों, मनोविश्लेषकों ने नुस्खे में हँसी को दवा के तौर पर सुझाना शुरू कर दिया है। नतीजा यह है कि अब सजग लोग इसे अपनाने की होड़ में लगे हैं। रेडियो, टीवी, पत्र-पत्रिकाएँ, फिल्में आदि भी इस दिशा में मदद कर रही हैं। हँसी की जरूरत सुर्खियों में होने के कारण उस पर किताबें लिखी जा रही हैं। वर्क शॉप हो रहे हैं। अब यह प्रमाणित हो रहा है कि, खुश-मिजाज लोग जीवन में अधिक सफल होते हैं, वे ज्यादा कमाते हैं, उनके मित्रों की संख्या काफी होती है। उनकी शादी ज्यादा निभती है। वे स्वस्थ रहते हैं और स्वाभाविक है कि, अधिक लंबी उम्र जीते हैं। अतः जो सब पाने के लिए इंसान भाग दौड़ करता है हँसी उस दिशा में दवा का काम करती है।

(i) 'खुश-मिजाज' लोग जीवन में अधिक सफल होते हैं, क्यों ? 2

(ii) हँसी दवा के रूप में किस प्रकार कार्य करती है ? 2

(iii) हँसी की जरूरत क्यों महसूस की जा रही है ? 2

(iv) हास्य क्लब से क्या आशय है ? 2

(v) 'तनावपूर्ण' तथा यथाविधि का समास-विग्रह कर समास का नाम लिखिए। 1+1=2

(vi) 'खुश-मिजाज' में प्रयुक्त उपसर्ग तथा प्रमाणित में प्रयुक्त प्रत्यय बताइए। ½+½=1

(vii) प्रस्तुत गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 1

न–2. अधोलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

एक दिन फूलों ने भी कहा था,
पत्तियाँ ?
पत्तियों ने क्या किया ?
संख्या के बल पर बस डालों को छा लिया,
डालों के बल पर ही चल-चपल रही हैं,
हवाओं के बल पर ही मचल रही हैं
लेकिन हम अपने से खुले, खिले, फूले हैं
रंग लिए, रस लिए, पराग लिए
हमारी यश-गंध दूर-दूर-दूर फैली है,
भ्रमरों ने आकर हमारे गुन गाए हैं,
हम पर बौराए हैं।
सबकी सुन पाई है,
जड़ मुसकाई है!

(i) एक दिन फूलों ने किससे क्या कहा ? ½+½=1

(ii) पत्तियाँ संख्या के बल पर क्या-क्या कार्य करती रही हैं ? ½+½=1

(iii) फूलों को किस बात का गर्व है ? 1

(iv) चल-चपल, खुले खिले, दूर-दूर-दूर और गुन गाए में कौन-सा अलंकार है ? 1

## खण्ड - ख

**प्रश्न–3.** निम्नलिखित में से किसी **एक** शीर्षक पर लगभग 200 शब्दों में निबंध लिखिए : **1+3+1=5**

(क) पर उपदेश कुशल बहुतेरे।

(ख) मेक इन इंडिया।

(ग) क्यों न परहेज करें हम पॉलिथीन से।

(घ) वन रहेंगे, हम रहेंगे।

**प्रश्न–4.** अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहित करने और जागरूकता बढ़ाने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022-23 का आयोजन करवाने पर सरपंच की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए एक पत्र लिखिए। **1+3+1=5**

**अथवा**

सड़क चौड़ीकरण के नाम पर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर हरियाली को नुकसान पहुँचाया जा रहा है। ध्यानाकर्षण कराते हुए दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

**प्रश्न–5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए :

(क) संचार के कितने प्रकार हैं ? किन्हीं दो प्रकार के नाम लिखिए। 1

(ख) 'लाइव' से क्या आशय है ? 1

(ग) पीत-पत्रकारिता से आप क्या समझते हैं ? 1

(घ) संपादक के दो प्रमुख उत्तरदायित्वों का उल्लेख कीजिए। **½+½=1**

**प्रश्न–6.** कविता लेखन के संबंध में दो मत कौन-कौन से हैं? स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

कहानी के प्रमुख तत्वों के नाम लिखकर उनमें से किन्हीं दो को समझाकर लिखिए।

**प्रश्न–7.** 'जनसंख्या में बढ़ता असंतुलन–स्त्रियों की घटती संख्या' पर आलेख लिखिए। 3

**अथवा**

'पर्यटन का महत्व' पर फीचर लिखिए।

**खण्ड - ग**

**प्रश्न–8.** निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए:

"आँगन में ठुनक रहा है जिद्‌याया है
बालक तो हई चाँद पै ललचाया है
दर्पण उसे दे के कह रही है माँ
देख आईने में चाँद उतर आया है।"

(क) बालक किस पर ललचा गया है? 2

(ख) माँ बच्चे की जिद को किस प्रकार शांत करती है? 2

(ग) इस रूबाई के शायर कौन हैं? प्रस्तुत पंक्तियों में किस रस की प्रधानता है? 1+1=2

**प्र.–9.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

मैं रोया, इसको तुम कहते हो गाना,
मैं फूट पड़ा, तुम कहते, छंद बनाना;

क्यों कवि कहकर संसार मुझे अपनाए,

मैं दुनिया का हूँ एक नया दीवाना!

(क) काव्यांश के भाव सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए। **2**

(ख) काव्यांश के शिल्प सौन्दर्य को स्पष्ट कीजिए। **2**

**प्र.–10.** (क) कैमरे में बंद अपाहिज करुणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है– लिखिए। **3**

(ख) 'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए। **3**

**प्र.–11.** अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2+2+2=6**

फिर जीजी बोलीं, "देख तू तो अभी से पढ़-लिख गया है। मैंने तो गाँव के मदरसे का भी मुँह नहीं देखा। पर एक बात देखी है कि अगर तीस-चालीस मन गेहूँ उगाना है तो किसान पाँच-छह सेर अच्छा गेहूँ अपने पास से लेकर जमीन में क्यारियाँ बना कर फेंक देता है। उसे बुवाई कहते हैं। यह जो सूखे हम अपने घर का पानी इन पर फेंकते हैं वह भी बुवाई है। यह पानी गली में बोएँगे तो सारे शहर, कस्बा, गाँव पर पानीवाले बादलों की फसल आ जाएगी। हम बीज बनाकर पानी देते हैं, फिर काले मेघा से पानी माँगते हैं। सब ऋषि-मुनि कह गए हैं कि पहले खुद दो तब देवता तुम्हें चौगुना-अठगुना करके लौटाएँगे भइया, यह तो हर आदमी का आचरण है, जिससे सबका आचरण बनता है। यथा राजा तथा प्रजा सिर्फ़ यही सच नहीं है। सच यह भी है कि यथा प्रजा तथा राजा। यही तो गाँधी जी महाराज कहते हैं।" जीजी का एक लड़का राष्ट्रीय आंदोलन में पुलिस की लाठी खा चुका था, तब से जीजी गाँधी महाराज की बात अकसर करने लगी थीं।

(क) खेतों की बुवाई और गलियों की बुवाई से जीजी का क्या तात्पर्य है ?

(ख) 'इंदर सेना' के समर्थन में जीजी ने क्या तर्क दिये ?

(ग) 'यथा राजा तथा प्रजा' से लेखक का क्या आशय है ?

प्र.–12. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(क) लुट्टन पहलवान अपना गुरु किसे मानता था ? 1

(ख) 'बजारूपन' से क्या तात्पर्य है ? किस प्रकार के व्यक्ति बाजार को सार्थकता प्रदान करते हैं ? अथवा बाजार की सार्थकता किसमें है ? 3

(ग) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (संन्यासी) की तरह क्यों माना है ? 3

(घ) नमक कहानी में भारत व पाक की जनता के आरोपित भेदभावों के बीच मुहब्बत का नमकीन स्वाद घुला हुआ है, कैसे ? 3

प्र.–13. सिल्वर-वैडिंग पाठ के आधार पर 'जो हुआ होगा।' वाक्य की आप कितनी अर्थ छवियाँ खोज सकते हैं ? लिखिए। 1+1+1+1=4

**अथवा**

सिल्वर-वैडिंग कहानी के आधार पर 'यशोधर बाबू' के व्यक्तित्व की कोई चार विशेषताएँ लिखिए।

प्र.–14. (i) 'सिंधु-सभ्यता की खूबी उसका सौन्दर्यबोध है जो राज-पोषित या धर्म-पोषित न होकर समाज-पोषित था।' ऐसा क्यों कहा गया ? 4

**अथवा**

'जूझ' शीर्षक के औचित्य पर विचार करते हुए यह स्पष्ट करें कि क्या यह शीर्षक कथा नायक की किसी केन्द्रीय चारित्रिक विशेषता को उजागर करता है ?

(ii) सिंधु-सभ्यता साधन संपन्न थी पर उसमें भव्यता का आडंबर नहीं था, कैसे ? लिखिए। 4

**अथवा**

"काश कोई तो होता जो मेरी भावनाओं को गंभीरता से समझ पाता। अफ़सोस ऐसा व्यक्ति मुझे अब तक नहीं मिला.......।" क्या आपको लगता है कि ऐन के इस कथन में उसके डायरी लेखन का कारण छिपा है ? लिखिए।